नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणाप्रतापस्नातकोत्तरमहाविद्यालय

## जंगल धूसड़-गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................

दिनांक 20.11.2018

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में 17–23 नवम्बर, 2018 के अर्न्तगत होने वाले वार्षिक समारोह के दौरान आज दिनांक 20.11.2018 को ब्रहमलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति कबड्डी प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ रसायन शास्त्र विभाग की प्रवक्ता सुश्री प्रिंयका मिश्रा ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि ''खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है, यह हमारे शारीरिक एवं मानसिक दोनो ही विकास का श्रोत है, यह हमारे शरीर के रक्त परिसंचरण मे सहायक है, वही दूसरी ओर हमारे दिमागी विकास मे लाभकारी है। खेल व्यायाम का सबसे अच्छा साधन माना जाता है। खेल ही हमारे शरीर को हृष्ट–पुष्ट, गतिशील एवं स्फूर्ति प्रदान करने मे सहायक होते है। एक सफल इंसान के लिए चाहिए कि वह मानसिक तथा शारीरिक दोनो रूप से स्वस्थ्य रहे, मानसिक विकास की शुरूआत हमारे स्कूल के दिनों से होना प्रारंभ हो जाती है, किन्तु शारीकि विकास के लिए व्यायाम जरूरी है जो हमे खेलो के माध्यम से प्राप्त होता है।''

इस प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का निर्णायक मैच रानी लक्ष्मी बाई टीम और मीराबाई टीम के बीच खेला गया। जिसमें रानी लक्ष्मीबाई टीम ने मीराबाई टीम को 40–30 से पराजित कर विजेता का सम्मान प्राप्त किया। मीराबाई टीम की खिलाड़ी खुशबू निषाद (बी0ए0 प्रथम वर्ष) का प्रदर्शन सराहनीय रहा। निर्णायक के रूप में डॉ0 प्रज्ञेश कुमार मिश्र, श्री नन्दन शर्मा, डॉ0 अभिषेक सिंह, श्री मनीष कुमार शर्मा तथा आदित्य प्रताप सिंह ने महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बी0एड्0 विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। अंत में क्रीड़ा प्रभारी श्री मृत्युजंय सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

**(डॉ0 राजेश शुक्ला)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी